# FORM NO. III

## फर्द अहकाम

( नियम 26 )

अदालतः—उपखण्ड अधिकारी

मुकामः—मलसीसर

महेन्द्रसिंह पुत्र कालूसिंह जाति राजपूत निवासी निराधनू तहसील मलसीसर

बनाम

सन्तकुमार पुत्र कालूसिंह जाति राजपूत निवासी निराधनू तहसील मलसीसर

नाम मुकदमाः—प्रा. पत्र बाबत पत्थरगढ़ी अ.धा. 111

मु0 नं0:— 87 / 2021

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए। |
|---|---|---|
| 01.07.2021 | आज यह प्रार्थना पत्र बाद रिपोर्ट पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। वकील प्रार्थी रजिया बानो एडवोकेट उपस्थित। अप्रार्थीगण को जरिये सम्मन तलवाना मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हो। पत्रावली वास्ते तलबी दिनांक 22.07.2021 को पेश हों। | |
| 22/7/21 | [redacted] | |
| 5/8/21 | पत्रावली पेश हुई। अप्रार्थीगण कि ओर से वकील मो. रसीद खाँ ने वकालातनामा व जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली रहे। वास्ते तहसीलदार के जवाब हेतु पत्रावली दि 8/10/2021 को पेश हो। | |
| 8/10 | [redacted] | |
| 20/10/21 | पत्रावली आज दिनांक 20/10/2021 को प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021 के तहत ग्राम पंचायत दीलसर में आयोजित कैम्प में पेश हुई वादी एवं प्रतिवादी उपस्थित। दोनों ने आपसी सहमति | |

2

से खेत की पत्थरगढ़ी करवाये जाने हेतु अपनी मौखिक सहमती दी। वादी एवं प्रतिवादी का सहमती बाकत इन्द्राज करवाये गये। अतः वादी एवं प्रतिवादी की आपसी सहमती पर ग्राम शिवदयालपुरा पटवार हल्का दौलतर की सरहद में स्थित खेत खसरा नम्बर 115/107 रकबा 1.09 हैक्टर की पत्थरगढ़ी सीमाज्ञान फर्द मौका दिनांक 9-4-2021 के मुताबिक किये जाने हेतु भू० अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारी की संयुक्त टीम में प्रत्येक को 500/- पांच सौ रुपये प्रत्येक को मौका कमीश्नर नियुक्त किया जाता है पत्थरगढ़ी का खर्चा वादी अदा वहन करेंगे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कट हो एवं बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

(साधुराम जाट)
प्रभारी अधिकारी, मलसीसर
प्रशासन गांवों के संग ... -2021

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी

दर्ज रजिस्टर 237
11/07/21

न्यायालय

उपखण्ड अधिकारी महोदय

मलसीसर।

महेन्द्रसिंह उम्र 62 वर्ष पुत्र कालूसिंह जाति राजपूत निवासी निराधनू तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनूं राज.।

– आवेदक–

बनाम

1. सन्तकुमार उम्र 55 वर्ष पुत्र कालूसिंह जाति राजपूत निवासी निराधनू सेसूं तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनूं राज.।
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार मलसीसर जिला झुंझुंनू राज.

– अनावदेकगण–

<u>आवेदन पत्र बाबत पत्थर गड़डी अन्तर्गत धारा 111,128</u>

<u>भू–राजस्व अधिनियम 1956</u>

महोदय,

आवेदक की ओर से आवदेन पत्र निम्न आधारों पर पेश है। :–

1. यह कि वाके ग्राम शिवदयालपुरा पटवार हल्का ढीलसर तहसील मलसीसर जिला झुंझुनू की सरहद में भूमि खाता संख्या नया 54 के अन्तर्गत खसरा नम्बर 115/107 रकबा 1.09 हैक्टर, स्थित है, प्रार्थी की खातेदारी की भूमि है जिसका वह खातेदार काश्तकार है।
2. यह कि प्रार्थी मद संख्या 1 में वर्णित अपनी भूमि पर काबिज है तथा प्रार्थी की भूमि के सीमा के पास पाड़ौसु में सन्तकुमार की भूमि स्थित है।

महेन्द्रसिंह

जो आये दिन क्षति पहूंचाता है, सीमा को काटता है, सीमा को लेकर आये दिन विवाद करता है जिससे मौके पर शांतिभंग होने का अंदेशा उत्पन्न हो गया है। प्रार्थी अकेला है कानून में विश्वास रखता है। जबकि अप्रार्थी संख्या में ज्यादा है जो प्रार्थी की भूमि को नाजायज तरीके से हड़पना चाहता है। इसलिए आवेदक अपनी खातेदारी एवं काश्तकारी की उक्त वर्णित भूमि को आवारा पशुओं से फसल बचाने एवं अन्य भूमि सुधार कार्य हेतु तारबंदी करवाना चाहता है जिसके लिये प्रार्थी ने तहसीलदार महोदय मलसीसर के यहां सीमा ज्ञान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दिनांक 05.04.2021 को आदेश कमांक 43 पारित करवाकर पटवारी हल्का ढीलसर से दिनांक 09.04.2021 को रूबरू मौतबिरानों के समक्ष सीमा ज्ञान करवा लिया है तथा उक्त सीमा ज्ञान दिनांक 09.04.2021 के मुताबिक ही आवेदक अपनी खांतेदारी काश्तकारी की भूमि की पत्थर गड्डी करवाना चाहता है जो कि न्यायसंगत है।

3. यह कि आवदेक सीधा साधा व्यक्ति है, अकेला है, और कानून में विश्वास रखता है तथा अप्रार्थी पडौसी खातेदार है तथा भविष्य में भूमि की सीमा बाबत किसी भी प्रकार का कोई विवाद उत्पन्न न हो इसलिये भी पत्थर गड्डी मुताबिक सीमा ज्ञान की जानी न्यायोचित है

4. यह कि आवेदन पत्र की धारा 1 में वर्णित आराजीयात के पडौसी खातेदार को आवश्यक पक्षकार होने से अनावेदक बनाया गया है। ताकि आवेदन पत्र में कानूनी नुक्श न रहें।

महेन्द्रसिंह

5. यह कि आवेदन पत्र में अनावेकगण न. 02 लेण्ड होल्डर की हैसियत से तहसीलदार को पक्षकार बनाया गया है।

6. यह कि आवेदन पत्र न्यायालय के क्षेत्रत्राधिकार एवं श्रवणाधिकार में हैं।

7. यह कि आवेदन पत्र पूर्ण कोर्ट फीस पर पेश है।

8. यह कि अन्य उजरात वर वक्त बहस अर्ज किये जावेगें ।

अतः आवेदन पत्र श्रीमान जी के न्यायालय में मय शपथ पत्र पेशकर निवेदन है कि आवेदन पत्र स्वीकार किया जाकर आवेदक की खातेदारी काश्तकारी की भूमि वाके ग्राम शिवदयालपुरा पटवार हल्का ढीलसर तहसील मलसीसर जिला झुंझुंनू की सरहद में भूमि खाता संख्या नया 54 के अन्तर्गत खसरा नम्बर 115/107 रकबा 1.09 हैक्टर भूमि की पत्थर गड्डी सीमाज्ञान फर्द मौका दिनांक 09.04.2021 के मुताबिक करवायी जाने का आदेश फरमाया जावे ।

दिनांक :– 29/01/2021

आवेदक / प्रार्थी

महेन्द्रसिंह पुत्र कालूसिंह जाति राजपूत निवासी निराधनू तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनूं राज.।